**श्री जय सिंह, भा०प्र०से०, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–17.07.2026 को अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा एवं शिवहर जिला के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गयी विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम समीक्षा संबंधित बैठक की कार्यवाहीः–**

राज्य में चल रहे बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम चरण संचालित अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा एवं शिवहर जिले में चल रहे सर्वेक्षण कार्य को दिनांक–15.08.2026 तक सर्वेक्षित घोषित किये जाने के दृष्टिगत अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा एवं शिवहर में चल रहें सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना, निदेशालय में पदस्थापित नोडल पदाधिकारियों, हवाई सर्वेक्षण एजेन्सियों के प्रतिनिधियों एवं तकनीकी दल के साथ की गयी, जिसमें वर्णित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु०) भी विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक मुख्य रूप से जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य के विभिन्न प्रक्रम विशेषतः प्रपत्र–8, प्रपत्र–14 एवं प्रपत्र–21 में प्राप्त दावा, आपतियों की सुनवाई एवं उसके निष्पादन के साथ–साथ अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार–अभिलेख के तैयार किये जाने के बिन्दु पर की गयी।

समीक्षा के क्रम में प्राथमिकता वाले 05 जिलो यथा – अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा एवं शिवहर के नोडल पदाधिकारी क्रमशः श्रीमती अनुजा सिन्हा, राजस्व पदाधिकारी, श्री लक्ष्मण प्रसाद, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, श्री गोपीनाथ मंडल, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, श्री आशुतोष कुमार, अनुदेशक एवं श्री गुलाम सरवर, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा उक्त जिले के प्रपत्र–8, प्रपत्र–14 एवं प्रपत्र–21 में रैयतों से प्राप्त दावा/आपत्ति की सुनवाई की प्रगति की स्थिति रखी गयी, जो निम्नवत है–

| | | जिलावार प्रपत्र–8 का प्रतिवेदन | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | जिला का नाम | शिविर का नाम | प्रपत्र–8 | | | | | |
| | | | कुल प्राप्त आपत्ति | विशेष सर्वेक्षण अमीन से प्राप्त प्रतिवेदन की संख्या | सुनवाई पूर्ण वादो की संख्या | लम्बित सुनवाई (4–6) | कुल आदेश पारित | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | शेखपुरा | शेखपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 2 | | शेखोपुरसराय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 3 | | घाटकुसुम्भा | 437 | 437 | 437 | 0 | 0 | |
| 4 | | बरबीघा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 5 | | अरियरी | 1026 | 1026 | 782 | 244 | 0 | |
| 6 | | चेवाड़ा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| कुल | | | **1463** | **1463** | **1219** | **244** | **0** | |
| 1 | अरवल | अरवल | 81 | 31 | 15 | 66 | 0 | |
| 2 | | कलेर | 206 | 42 | 106 | 100 | 0 | |
| 3 | | कुर्था | 274 | 63 | 164 | 110 | 0 | |
| 4 | | करपी | 161 | 37 | 31 | 130 | 0 | |
| 5 | | वंशी | 99 | 63 | 8 | 91 | 0 | |
| कुल | | | **821** | **236** | **324** | **497** | **0** | |
| 1 | जहानाबाद | घोषी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 2 | | हुलासगंज | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 3 | | मोदनगंज | 668 | 355 | 325 | 343 | 0 | |
| 4 | | रतनीफरीदपुर | 330 | 222 | 108 | 222 | 0 | |
| कुल | | | **998** | **577** | **433** | **565** | **0** | |
| 1 | लखीसराय | सूर्यगढा | 810 | 186 | 70 | 740 | 0 | |
| 2 | | हलसी | 9 | 9 | 6 | 3 | 6 | |
| 3 | | चानन | 223 | 110 | 129 | 94 | 101 | |
| कुल | | | **1042** | **305** | **205** | **837** | **107** | |
| 1 | शिवहर | पीपराही | 66 | 0 | 0 | 66 | 0 | |
| 2 | | पुरनहिया | 222 | 0 | 0 | 222 | 0 | |
| 3 | | तरियानी छपरा | 1072 | 0 | 0 | 1072 | 0 | |
| कुल | | | **1360** | **0** | **0** | **1360** | **0** | |

## जिलावार प्रपत्र–14 का प्रतिवेदन

| क्रमांक | जिला का नाम | शिविर का नाम | प्रपत्र–14 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल प्राप्त आपत्ति | विशेष सर्वेक्षण अमीन से प्राप्त प्रतिवेदन की संख्या | सुनवाई पूर्ण वादों की संख्या | लम्बित सुनवाई (4–6) | कुल आदेश पारित |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शेखपुरा | शेखपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | | शेखोपुरसराय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | | घाटकुसुम्भा | 150 | 150 | 142 | 8 | 139 |
| 4 | | बरबीघा | 116 | 116 | 28 | 88 | 0 |
| 5 | | अरियरी | 135 | 135 | 135 | 0 | 135 |
| 6 | | चेवाड़ा | 568 | 568 | 440 | 128 | 213 |
| कुल | | | **969** | **969** | **745** | **224** | **487** |
| 1 | अरवल | अरवल | 248 | 103 | 58 | 190 | 0 |
| 2 | | कलेर | 15 | 1 | 15 | 0 | 0 |
| 3 | | कुर्था | 994 | 393 | 298 | 696 | 0 |
| 4 | | करपी | 298 | 169 | 123 | 175 | 0 |
| 5 | | वंशी | 88 | 42 | 24 | 64 | 0 |
| कुल | | | **1643** | **708** | **518** | **1125** | **0** |
| 1 | जहानाबाद | घोषी | 73 | 73 | 14 | 59 | 0 |
| 2 | | हुलासगंज | 131 | 106 | 20 | 111 | 0 |
| 3 | | मोदनगंज | 144 | 144 | 8 | 136 | 0 |
| 4 | | रतनीफरीदपुर | 56 | 16 | 49 | 7 | 0 |
| कुल | | | **404** | **339** | **91** | **313** | **0** |
| 1 | लखीसराय | सूर्यगढ़ा | 28 | 16 | 0 | 28 | 0 |
| 2 | | हलसी | 20 | 20 | 15 | 5 | 15 |
| 3 | | लखीसराय | 18 | 18 | 9 | 9 | 0 |
| 4 | | चानन | 7 | 7 | 7 | 0 | 7 |
| 5 | | रामगढ़ चौक | 67 | 67 | 12 | 55 | 0 |
| कुल | | | **140** | **128** | **43** | **97** | **22** |
| 1 | शिवहर | पीपराही | 20 | 20 | 20 | 0 | 20 |
| 2 | | पूरनहिया | 19 | 19 | 0 | 19 | 20 |
| 2 | | डुमरी कटसरी | 41 | 0 | 0 | 41 | 22 |
| कुल | | | **80** | **39** | **20** | **60** | **62** |

## जिलावार प्रपत्र–21 का प्रतिवेदन

| क्रमांक | जिला का नाम | शिविर का नाम | प्रपत्र–21 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल प्राप्त आपत्ति | विशेष सर्वेक्षण अमीन से प्राप्त प्रतिवेदन की संख्या | सुनवाई पूर्ण वादों की संख्या | लम्बित सुनवाई (4 6) | कुल आदेश पारित |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शेखपुरा | शेखपुरा | 445 | 445 | 203 | 242 | 41 |
| 2 | | शेखोपुरसराय | 36 | 36 | 36 | 0 | 2 |
| 3 | | घाटकुसुम्भा | 101 | 101 | 82 | 19 | 27 |
| 4 | | बरबीघा | 521 | 521 | 118 | 403 | 43 |
| 5 | | अरियरी | 622 | 622 | 260 | 362 | 46 |
| 6 | | चेवाड़ा | 46 | 46 | 42 | 4 | 6 |
| कुल | | | **1771** | **1771** | **741** | **1030** | **165** |
| 1 | अरवल | अरवल | 178 | 178 | 150 | 28 | 0 |
| 2 | | कलेर | 15 | 15 | 0 | 15. | 0 |
| 3 | | कुर्था | 204 | 204 | 162 | 42 | 0 |
| 4 | | करपी | 412 | 412 | 302 | 110 | 0 |
| 5 | | वंशी | 35 | 35 | 0 | 35 | 0 |
| कुल | | | **844** | **844** | **614** | **230** | **0** |
| 1 | जहानाबाद | घोषी | 597 | 597 | 181 | 416 | 5 |
| 2 | | हुलासगंज | 612 | 612 | 394 | 218 | 0 |
| 3 | | मोदनगंज | 852 | 852 | 415 | 437 | 0 |
| 4 | | रतनीफरीदपुर | 1547 | 1547 | 693 | 854 | 11 |
| कुल | | | **3608** | **3608** | **1683** | **1925** | **16** |
| 1 | लखीसराय | सूर्यगढ़ा | 397 | 397 | 397 | 0 | 82 |
| 2 | | हलसी | 864 | 864 | 546 | 318 | 150 |
| 3 | | लखीसराय | 129 | 129 | 129 | 0 | 0 |
| कुल | | | **1390** | **1390** | **1072** | **318** | **232** |
| 1 | शिवहर | पीपराही | 193 | 71 | 71 | 122 | 14 |
| 2 | | पूरनहिया | 118 | 37 | 37 | 81 | 19 |
| 3 | | डुमरी कटसरी | 338 | 187 | 187 | 151 | 80 |
| कुल | | | **649** | **295** | **295** | **354** | **113** |

उपरोक्त प्राप्त प्रगति प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि जिला स्तर पर प्रपत्र–8, 14 एवं 21 की सुनवाई की प्रगति संतोषजनक नहीं है। स्पष्ट है कि सुनवाई से संबंधित राजस्व सेवा के लेवल–7, 9 एवं 11 के नव पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा पूर्ण रूप से रूचि नहीं लेते हुए शिथिलता बरती गयी है तथा अनुचित कारणों से सुनवाई को माह जून–2026 से लंबित रखा गया है।

इस संबंध में सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा रोश व्यक्त करते हुए वैसे सभी संबंधित राजस्व अधिकारियों का उनके पदस्थापित जिले में अब तक किये गये सुनवाई संबंधित कार्यों का प्रतिवेदन निदेशालय में पदस्थापित संबंधित नोडल पदाधिकारियों को उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

(1) अरवल एवं शिवहर जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य में अत्यधिक विलंब पर असंतोष व्यक्त किया गया। अरवल जिले में कुल 312 राजस्व ग्रामों से से अब तक केवल 132 मौजों में ही प्रपत्र–20 का प्रकाशन पूर्ण किया गया है। शिवहर जिले में कुल 80 राजस्व ग्राम में से मात्र 39 राजस्व ग्रामों में ही प्रपत्र–20 का प्रकाशन पूर्ण किया गया है। इस संबंध में संबंधित कर्मी/अधिकारी पर जबावदेही तय करने का निदेश दिया गया।

(2) जहानाबाद जिले के प्रपत्र–21 में लंबित सभी आदेश को निष्पादनोपरांत 30 जुलाई, 2026 तक आदेश लेखन एवं अपलोड किये जाने का लक्ष्य दिया गया, जिसके लिए न्यूनतम 300 आदेश प्रतिदिन अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार अन्य जिले भी लंबित दावा, आपत्तियों के अनुरूप प्रतिदिन निष्पादन उपरांत आदेश अपलोड करायेंगे। विभागीय पोर्टल पर अपलोडेड आपत्ति ही मान्य होगा।

(3) शेखपुरा एवं लखीसराय में प्रपत्र–20 प्रकाशित मौजों में, जहाँ अब तक प्रपत्र–21 में प्राप्त दावा, आपत्ति की सुनवाई लंबित है, पृच्छा किये जाने पर संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। इस संबंध में वैसे बन्दोबस्त पदाधिकारी जिनके कार्यकाल में अपेक्षित भाक्ति होने के बाद भी प्रपत्र–21 में प्राप्त दावा/आपत्ति की सुनवाई लंबित रखा गयी, उनके कार्यो से संबंधी प्रतिवेदन निदेशालय के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश संबंधित नोडल पदाधिकारी को दिया गया ताकि उन पर अग्रेत्तर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सके।

निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी उपरोक्त कार्य का प्रतिदिन नियमित पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करेंगे तथा उक्त कार्य के निष्पादन में लापरवाही/अवरूद्ध करने वाले कर्मी/कारकों को चिन्हित कर उक्त का निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने जिले में चल रहे प्रपत्र–21 की सुनवाई प्रत्येक दशा में दिनांक 30.07.2026 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**1. <u>समीक्षा के क्रम में सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा सर्वेक्षण कार्य हेतु निम्नांकित निदेश दिया गयाः–</u>**

(i) प्रपत्र–25 के प्रकाशन उपरांत अधिकार–अभिलेखों में निम्न बिन्दु सुनिश्चित किये जाय–

- प्रपत्र–25 प्रकाशित मौजों में बन्दोबस्त पदाधिकारी के Digital Signature के साथ प्रकाशन किया जाना है।
- प्रपत्र–25 प्रकाशित मौजे Public Domain में उपलब्ध हो।
- प्रपत्र–25 में संधारित ULPIN Column से संबंधित API Integration, SDC issues तथा Server Access के लिये NIC से बात कर समाधान किये जाने का निदेश दिया गया।

(ii) प्रपत्र–25 के प्रकाशन उपरांत मानचित्रों में निम्न बिन्दु सुनिश्चित किये जाय–

- प्रपत्र–25 अधिकार–अभिलेख के साथ मानचित्र का भी प्रकाशन बन्दोबस्त पदाधिकारी के हस्ताक्षर के साथ हो।

- अंतिम मानचित्र भू—नक्शा पर अपलोड हो।
- मानचित्र का हॉर्ड कापी प्रिंट बन्दोबस्त पदाधिकारी के हस्ताक्षर के साथ हो।
- संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी मानचित्र से संबंधित Final Deliverable Data निदेशालय के GIS Cell को उपलब्ध करायेंगे तथा विशेषज्ञ सलाहकार अब तक प्रपत्र—25 में प्रकाशित राजस्व ग्रामों का Final Deliverable Data के निर्धारित माप—दण्ड की जाँच करना सुनिश्चित करेंगे।

(iii) जिन मौजों में प्रपत्र—21 में निर्धारित अवधि में शून्य आपत्ति प्राप्त हुई है, वहाँ प्रपत्र—25 और मानचित्र के प्रकाशन अविलंब करते हुए उपरोक्त बिन्दु सुनिश्चित किये जाय।

(iv) प्रपत्र—21 की सुनवाई के उपरांत तरमीम किये जाने वाले मौजों के लिये—

- प्रपत्र—21 की सुनवाई के उपरांत संबंधित मौजों में तरमीम हेतु संबंधित विशेष सर्वेक्षण अमीन को तत्काल संबंद्ध कर उक्त कार्यो को अधिकतम 03 कार्य—दिवसों में पूर्ण करने का निदेश सभी उपस्थित पदाधिकारियों को दिया गया।
- मानचित्र में सुधार के लिये एजेंसी के द्वारा केन्द्रीकृत रूप से गुलजारबाग में कराना सुनिश्चित कराया जाय। आवश्यक होने पर ही संबंधित अमीन से जिला में संपर्क किया जाय।
- संबंधित एजेंसी को, 05 अगस्त, 2026 तक मानचित्र में सुधार किये जाने का लक्ष्य दिया गया है।
- साथ ही निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी प्रतिदिन प्राथमिकता वाले जिलों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी एवं संबंधित बन्दोबस्त कार्यालयों के मध्य विभिन्न प्रक्रमों के मानचित्र के आपूर्ति का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे।

(v) Property Card-

- Property Card प्रारूप का Final Approval कराया जाएगा।
- प्रपत्र—25 के प्रकाशन के उपरांत Property Card का Generation कराना सुनिश्चित करेंगे।

(vi) ILRMS के संबंध में :—

- प्रपत्र—25 के प्रकाशन के उपरांत संबंधित मौजों का डाटा Spatial Mutation हेतु ILRMS Portal पर Integrate कराया जाय।

उपरोक्त सभी कार्यों का अनुश्रवण श्रीमती पल्लवी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं सुश्री ऐमन फातिमा, राजस्व अधिकारी—सह—कानूनगो संबंधितो से सांमजस्य स्थापित कर पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगी। लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में यदि कोई समस्या प्रकाश में आये तथा उसका समाधान उक्त दिवस के सायः 06 बजे तक नहीं हो पाने की स्थिति में सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के समक्ष उक्त समस्या को अवगत कराने का निदेश दिया गया।

15 अगस्त 2026 के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के आलोक में चयनित 05 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रत्येक 10 दिनों में की जायेगी।

निदेशालय स्तर से जिलों का प्रतिदिन की प्रगति संबंधी प्रतिवेदन समेकित कर प्रत्येक दशा में सायः 6:30 बजे तक सचिव महोदय के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

**2. समीक्षा के क्रम में विभागीय सॉफ्टवेयर के प्रबंधन से जुड़े Innovo Vision एजेंसी को दिये गये निम्नांकित निदेश :—**

(i) निदेशालय में कार्यरत Innovo Vision एजेंसी के सभी कर्मियों का कार्य शीघ्र आवंटित कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का दैनिक निरीक्षण एवं अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(ii) Innovision के साथ उपबंध को अगले दो वर्षो तक बढ़ाए जाने के लिए अग्रत्तर कार्रवाई की जाए।

(iii) संबंधित तकनीकी दल भू—सर्वेक्षण पोर्टल में आ रही सभी त्रुटियों का निराकरण 24 घंटे के अन्दर करना सुनिश्चित करेंगे तथा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति में आने वाली सभी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करेंगे।

(iv) संबंधित तकनीकी दल प्रमुखतः से निम्न कार्य संपादित करेंगेः—
- प्रपत्र—25 का Generation
- प्रपत्र—25 का Public View में उपलब्धता
- सभी पीठासीन पदाधिकारियों का ID Password का Working होना
- PVT संबंधित समस्या का तुरंत समाधान
- प्रतिदिन Upload की गयी सुनवाई फाईल प्रदर्शित होना।

(v) संबंधित तकनीकी दल को प्राथमिकता वाले पाँचों जिला का ग्रामवार प्रक्रमवार अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**3. वित्तीय, एजेंसी प्रबंधन एवं आगामी कार्यसूची (Funds & Agency Reviews)**

(i) **DILRMP फंड फ्लो की बहालीः—** डी.आई.एल.आर.एम.पी. (DILRMP) योजना के अंतर्गत रुके हुए फंड फ्लो को सुचारू करने हेतु सर्वप्रथम विभाग की कार्यकारिणी समिति (Executive Committee) की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसके उपरांत मुख्य सचिव, बिहार के परामर्श से आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

(ii) **एरियल सर्वे एजेंसी (Aerial Agency) की ट्रैकिंगः—** सभी प्रभारी सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि वे एरियल एजेंसी के डेटा वेरिफिकेशन, कार्यों की भौतिक मात्रा तथा भुगतान (Payment) से संबंधित अपनी विस्तृत समीक्षा प्रतिवेदन आगामी बुधवार तक निदेशालय एवं विभाग को अनिवार्य रूप से सौंपें।

(iii) **BPMC बैठकः** आगामी बीपीएमसी (BPMC) की कार्यकारिणी बैठक आयोजित करने के दिशा में अग्रेतर कार्रवाई की जाये।

(iv) **आईआईटी रुड़की (IIT Roorkee) से संबंधित:-** ILRMS के ऑपरेशन एवं प्रबंधन हेतु आईआईटी रुड़की से किये गए MoU की अवधि पूर्ण हो गया है अतः इस को अगले दो वर्षों तक बढ़ाये जाने के संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जाए।

(v) **बेल्ट्रॉन ऑपरेटर री–मैपिंग:** तकनीकी कार्यों में आ रही मानव संसाधन की कमी को दूर करने हेतु बेल्ट्रॉन (Beltron) के 15 डेटा एंट्री ऑपरेटरों (30 विकल्प/शिफ्ट) का आवश्यकतानुसार सर्वेक्षण शिविरों में तार्किक पुनर्वितरण (Re-mapping) किया जाए।

इसके अतिरिक्त संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा लंबित भुगतान की समस्या के संबंध में उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारी को निदेशालय द्वारा सत्यापन हेतु भेजे गये विपत्रों का यथाशीघ्र प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी संबंधित जिले से शीघ्र सत्यापन प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अंत में सभी प्राथमिकता वाले जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को प्रत्येक दशा में आगामी 15.08.2026 तक अपने–अपने जिले में चल रहे प्रथम चरण के सर्वेक्षण कार्यो को पूर्ण कराने अन्यथा दिनांक 16.08.2026 के उपरांत सर्वेक्षण कार्यो को लंबित रखने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों पर अनुशासनिक कार्रवाई किये जाने की सूचना प्रदत्त करते हुए बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गई।

ह0/–
**(सुहर्ष भगत)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे (05 जिला)–16/2026**.....2523.....**पटना, दिनांक:**.....24/07/2026

**प्रतिलिपि** : संबंधित जिले के प्रमंडलीय आयुक्त/समाहर्त्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/7/26

**सरकार के उप सचिव,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे (05 जिला)–16/2026**.....2523.....**पटना, दिनांक:**.....24/07/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0)/अरवल, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा एवं शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/7/26

**सरकार के उप सचिव,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे (05 जिला)–16/2026 2523 पटना, दिनांक: 24/07/2026

प्रतिलिपि : सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी/श्रीमती पल्लवी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/सुश्री ऐमन फातमा, राजस्व अधिकारी–सह–कानूनगो/आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/7/26

सरकार के उप सचिव,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे (05 जिला)–16/2026 2523 पटना, दिनांक: 24/07/2026

प्रतिलिपि : प्रोजेक्ट मैनेजर, GISC/IIC/Arahas, हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/7/26

सरकार के उप सचिव,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे (05 जिला)–16/2026 2523 पटना, दिनांक: 24/07/2026

प्रतिलिपि : श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर एवं उनके अधीनस्थ कार्यरत कर्मी/श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/7/26

सरकार के उप सचिव,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे (05 जिला)–16/2026 2523 पटना, दिनांक: 24/07/2026

प्रतिलिपि : सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

24/7/26

सरकार के उप सचिव,
भू–अभिलेख एवं परिमाप।